नईदुनिया

छठ पूजा में दिखता है भारतीय संस्कृति का जीवंत स्वरूप : डॉ. यादव



- उज्जैन के विक्रम सरोवर तीर्थ पर आयोजित छठ पूजन में वर्चुअली शामिल हुए मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छठ पूजन के दृश्य में हमारी संस्कृति का जीवंत दर्शन होता है। यह पर्व प्रकृति, जल और सूर्य की उपासना का प्रतीक है।

छठ पर्व पर डूबते और उगते सूर्य की पूजा की जाती है। सूर्य की ऊर्जा जीवन को शक्ति प्रदान करती है। मुख्यमंत्री सोमवार को उज्जैन के विक्रम सरोवर तीर्थ पर आयोजित छठ पूजन कार्यक्रम को भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिथिलांचल और पूर्वांचल की महिलाएं 36 घंटे तक लगातार जल के सामने पूजा-अर्चना का कठिन व्रत करती हैं। उनके द्वारा लिया गया संकल्प परिवार की सुरक्षा और सुख-समृद्धि से जुड़ा होता है। उन्होंने बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड से आए लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते एक वर्ष में विक्रम सरोवर के घाटों का जो विकास हुआ है, उसे देखकर प्रसन्नता हो रही है। नगर निगम सभापति कलावती यादव ने भी घाटों के विकास की सराहना करते हुए मिथिलांचल के लोगों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति अर्पण भारद्वाज, संजय अग्रवाल, मुकेश पटेल, परेश कुलकर्णी, गजेंद्र खत्री और आनंद खींची उपस्थित रहे।

पत्रकार सपना कुमारी के परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भदभदा चौराहे पर रविवार को सड़क दुर्घटना में पत्रकार सपना कुमारी के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतका के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि उनकी संवेदनाएं सपना कुमारी के शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि सपना कुमारी माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा रही थीं। पत्रकारिता की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह एक समाचार चैनल से जुड़ी थीं।

नर्मदा परिक्रमा पथ पर बनेंगे 150 पुल-पुलिया, 19 आश्रय स्थलों का निर्माण जारी

- मंत्री प्रहलाद पटेल ने नमन मिशन की समीक्षा की
- निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और परिक्रमावासियों की सुविधाओं पर दिया जोर



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नर्मदा परिक्रमावासियों की सुविधा और परिक्रमा पथ का विकास सरकार की प्राथमिकता है। निर्माणाधीन आश्रय स्थलों का कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। वे सोमवार को मंत्रालय में निर्मल एवं अविरल मां नर्मदा (नमन) मिशन की समीक्षा कर रहे थे।

बैठक में बताया गया कि परिक्रमा पथ की कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए 26.80 करोड़ रुपये की लागत से 150 पुल-पुलिया स्थलों को चिह्नित किया गया है। इनमें 142 का निर्माण वीबी-जी राम जी योजना के तहत होगा। इसके अलावा 13.14 करोड़ रुपये की लागत से 22 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है।

51 हजार से अधिक पौधे लगाए

नर्मदा परिक्रमा पथ के 15 जिलों में 137 पौधारोपण स्थल चिह्नित किए गए हैं। यहां 51,585 पौधे लगाए जा चुके हैं। जबलपुर में सर्वाधिक 11,550, नरसिंहपुर में 7,500 और खंडवा में 6,900 पौधों का रोपण हुआ है। मंत्री ने पौधारोपण स्थलों से अतिक्रमण हटाकर फेंसिंग और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

19 आश्रय स्थलों में 9 पूरे

मिशन के तहत 830.58 लाख रुपये की स्वीकृति से 19 आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं। इनमें 9 पूरे हो चुके हैं, 9 का काम जारी है और एक का निर्माण शुरू होना है। इनके संचालन के लिए ग्राम पंचायतों और सामाजिक समितियों के बीच अनुबंध की प्रक्रिया भी तैयार की गई है।

हाईकोर्ट से हरी झंडीः मध्यप्रदेश में 280 नए बस मार्गों का रास्ता साफ

- राज्य परिवहन प्राधिकरण को मिली पूरी वैधानिक शक्ति
- पांच राज्यों के लिए अंतरराज्यीय परमिट और मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को मिलेगी गति

नप्र, भोपाल : मध्य प्रदेश में बस परिवहन व्यवस्था के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने राज्य परिवहन प्राधिकरण के पुनर्गठन संबंधी शासन की अधिसूचना को वैध ठहराते हुए इसे चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। 14 अक्टूबर को आए इस फैसले के बाद प्राधिकरण पर लगी अंतरिम रोक भी समाप्त हो गई है।

अब राज्य परिवहन प्राधिकरण नए स्थायी और अस्थायी परमिट जारी करने, पुराने परमिट के नवीनीकरण और मार्ग निर्धारण सहित सभी वैधानिक कार्य कर सकेगा। महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के साथ हुए अंतरराज्यीय परिवहन समझौतों के तहत बस संचालकों को परमिट जारी करने का रास्ता भी खुल गया है।

सात क्षेत्रों में 280 मार्गों का होगा निर्धारण

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर और उज्जैन के लिए 280 अंतर्क्षेत्रीय मार्ग प्रस्तावित हैं। इन मार्गों पर मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड के माध्यम से बसों का संचालन किया जाएगा।

अक्टूबर में आया था न्यायालय का फैसला

हरिशंकर सिंह पटेल एवं अन्य ने प्राधिकरण के पुनर्गठन को चुनौती दी थी। शासन की 10 अगस्त 2026 की अधिसूचना पर न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया और न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद इसे वैध माना। न्यायालय ने याचिका खारिज करते हुए पूर्व के अंतरिम स्थगन आदेश भी निरस्त कर दिए।

विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ तकनीकी दक्षता और नवाचार भी जरूरी : राज्यपाल



- जीवाजी विश्वविद्यालय के 62वें दीक्षांत समारोह में बोले मंगुभाई पटेल
- विद्यार्थियों को प्रदान किए स्वर्ण पदक और उपाधियां

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक अनुभव, तकनीकी दक्षता और नवाचार की क्षमता भी जरूरी है।

विश्वविद्यालयों को शिक्षा और रोजगार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना चाहिए। राज्यपाल सोमवार को ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय के 62वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान कीं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प प्रत्येक नागरिक के सम्मान और समृद्धि से जुड़ा है। विद्यार्थियों को अपने कर्म, चरित्र और नवाचार के माध्यम से इसमें योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मशीनें काम आसान कर सकती हैं, लेकिन मानवीय संवेदना, विवेक और नैतिकता का स्थान नहीं ले सकतीं।

राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने शिक्षा का उपयोग समाज और राष्ट्र के समावेशी विकास में करने की बात कही। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को दीक्षांत उपदेश दिया।

बाल विवाह रोकने के लिए प्रदेश में चलेगा विशेष अभियान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए 21 दिसंबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि बाल विवाह मुक्त मध्य प्रदेश के संकल्प को जन आंदोलन बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी है। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान 21 अक्टूबर से 21 दिसंबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

27 नवंबर को ग्राम सभाओं में दिलाई जाएगी शपथ

बाल विवाह उन्मूलन अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 27 नवंबर को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित होंगी। इनमें ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं और युवाओं को बाल विवाह नहीं करने और न होने देने की सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों और बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी जाएगी।

स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

अभियान के तहत स्कूलों और महाविद्यालयों में जागरूकता रैलियां, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। गांवों और शहरों में नुक्कड़ नाटक, जनसंवाद, जागरूकता रथ और दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भी विशेष गतिविधियां होंगी।

शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

संभावित बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस और बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी मिलकर त्वरित वैधानिक कार्रवाई करेंगे।

सराभा के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी करतार सिंह सराभा के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सराभा के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि करतार सिंह सराभा ने अल्पायु में ही अदम्य साहस, त्याग और देशभक्ति का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में उनका बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकार बन्धुओं को बधाई दी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर समस्त पत्रकार बंधुओं को शुभकामनाएं दीं। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि देश की प्रगति, लोकतंत्र की सुदृढ़ता और सामाजिक चेतना के लिए पत्रकारिता के मूल्यों को नई ऊंचाई प्रदान करते हुए पत्रकार सेवा में सतत योगदान दें, यही मंगल कामना है।

एमपी एग्रो का होगा व्यावसायिक विस्तार : कुशवाहा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि एमपी एग्रो की गतिविधियों का अधिकतम लाभ किसानों तक पहुंचना चाहिए। निगम अपने व्यावसायिक कार्यों का विस्तार कर निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करे।

वे सोमवार को मंत्रालय में एमपी एग्रो की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वीकृत निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराए जाएं। कार्यों में आने वाली बाधाओं को जिला प्रशासन के समन्वय से दूर किया जाए। साथ ही नियमित निगरानी कर गुणवत्ता और समय-सीमा का ध्यान रखा जाए। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई उपकरणों, जैव उर्वरकों और खाद्य प्रसंस्करण मशीनरी के विपणन को बढ़ावा देने तथा सिंहस्थ-2028 की तैयारियां अभी से शुरू करने को कहा।



निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरे करने और सूक्ष्म सिंचाई उपकरणों व जैव उर्वरकों के विपणन को बढ़ावा देने के निर्देश

492 करोड़ रुपये से अधिक पहुंचा कारोबार: एमपी एग्रो के प्रबंध संचालक अरविंद दुबे ने बताया कि निगम का कारोबार वर्ष 2023-24 में 383.41 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 492.51 करोड़ रुपये हो गया। इसी अवधि में अनुमानित लाभ 7 करोड़ से बढ़कर 24.60 करोड़ रुपये पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अक्टूबर तक निगम ने 229.99 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वर्ष 2025-26 में 1 लाख 19 हजार 147 लीटर तरल जैव उर्वरक का उत्पादन हुआ, जिससे 416.93 लाख रुपये की बिक्री की गई। जैव उर्वरकों की बिक्री बढ़ाने के लिए ई-विकास पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है।

सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं

नप्र, भोपाल : कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट और नारायण सिंह कुशवाह ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं की जनसमस्याएं सुनीं। मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जिन मामलों में विभागीय कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया। मंत्रियों ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त समस्याओं का गंभीरता से परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

जल संसाधन विभाग में 37 आश्रितों को मिली अनुकंपा नियुक्ति



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सोमवार को भोपाल स्थित अपने निवास कार्यालय में विभाग के दिवंगत शासकीय कर्मचारियों के 37 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के आदेश सौंपे। इनमें सहायक वर्ग-3 के 23 और भृत्य के 14 पदों पर नियुक्तियां शामिल हैं।

श्री सिलावट ने नवनियुक्त कर्मचारियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति केवल शासकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में परिवारों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का संवेदनशील माध्यम है। सरकार ऐसे प्रत्येक परिवार के साथ खड़ी है, जिसने अपने प्रियजन को खोया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मानवीय दृष्टिकोण और जनकल्याण की भावना के साथ काम कर रही है। अनुकंपा नियुक्ति के माध्यम से आश्रित परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने और सम्मानपूर्वक जीवनयापन का अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

अब तक 391 परिवारों को मिली नौकरी: मंत्री ने नवनियुक्त कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया।


उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 से अब तक जल संसाधन विभाग में दिवंगत शासकीय कर्मचारियों के 391 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी जा चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता विनोद देवड़ा, अधीक्षण यंत्री (प्रशासन) आशीष महाजन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

चक्रवाती तूफान अकवान का असर, लुढ़केगा दिन का पारा

रात के तापमान में होगी बढ़ोतरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बंगाल की खाड़ी में सोमवार शाम को चक्रवाती तूफान अकवान बन गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इसके असर से हवाओं के साथ कुछ नमी आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस वजह से कुछ बादल आने लगे हैं। बादलों की मौजूदगी से दिन के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट होने लगी है। न्यूनतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने के आसार हैं। उधर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात में सबसे कम 11.4 डिग्री सेल्सियस तापमान कटनी में दर्ज किया गया। 14 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। सोमवार को दिन का सबसे अधिक 33.2 डिग्री सेल्सियस तापमान नर्मदापुरम में रिकार्ड हुआ।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिण-पूर्वी और संलग्न दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर बना गहरा अवदाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए सोमवार शाम को दक्षिण और उससे संलग्न पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान अकवान के रूप में परिवर्तित हो गया है। इसके मंगलवार की शाम तक और तीव्र



होकर पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में भीषण चक्रवाती तूफान में बदलने के आसार हैं। साथ ही इसके पश्चिम, उत्तर-पश्चिम दिशा की तरफ बढ़ते हुए 20 नवंबर को अति भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में आंध्र प्रदेश के तट को पार करने की संभावना है। उधर उत्तरी पाकिस्तान और उसके पास बना पश्चिमी विक्षोभ अब द्रोणिका के रूप में कमजोर पड़ गया है। मौसम विज्ञानी वहीद खान ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अकवान के प्रभाव से बादल छाने लगे हैं। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट होने लगी है। हालांकि रात के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगेगी। इस तूफान के तीन-चार दिन में अति भीषण चक्रवात में बदलने के भी आसार है। उसके प्रभाव से 20-21 नवंबर मध्य प्रदेश में घने बादल छा सकते हैं। साथ ही प्रदेश के दक्षिणी-पूर्वी क्षेत्र में कहीं-कहीं वर्षा भी हो सकती है।

कांग्रेस 26 को निकालेगी संविधान रक्षा मार्च

- एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य
- राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना
- दिल्ली का कार्यक्रम स्थगित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कांग्रेस 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर भोपाल में प्रदेशव्यापी संविधान रक्षा मार्च निकालेगी। पार्टी ने इस कार्यक्रम में एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शामिल होने की भी संभावना है, हालांकि उनके दौरे की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

कांग्रेस ने पहले 25 और 26 नवंबर को दिल्ली में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत शक्ति प्रदर्शन की योजना बनाई थी। इसके लिए मध्य प्रदेश से एक लाख कार्यकर्ताओं को दिल्ली ले जाने की तैयारी थी। अब दिल्ली का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 15 नवंबर को सभी प्रदेश कांग्रेस समितियों को संशोधित कार्यक्रम की सूचना दी थी। इसके अनुसार, सभी राज्यों की राजधानियों में संविधान रक्षा मार्च निकाला जाएगा।

आंबेडकर प्रतिमा से शुरू होगा मार्च

प्रदेश में मार्च की शुरुआत डॉ. भीमराव आंबेडकर या महात्मा गांधी की प्रतिमा से होगी। इसके बाद संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ और संविधान रक्षा की शपथ ली जाएगी।

बूथ स्तर पर चलेगा अभियान

कांग्रेस ने बूथ स्तर पर वोट रक्षक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। प्रत्येक बूथ पर एक वोट रक्षक नियुक्त किया जाएगा, जो मतदाता सूची से हटाए गए नामों का सत्यापन करेगा। इसके बाद 29 नवंबर से 15 दिसंबर तक गांवों में वोट बचाओ, देश बचाओ चौपाल आयोजित की जाएंगी।

कार्यशाला *राजस्व अधिकारियों की जिम्मेदारी...*

योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएँः वर्मा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी राजस्व विभाग की रीढ़ हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

श्री वर्मा सोमवार को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आयोजित राजस्व संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत सरकार स्वयं रजिस्ट्री का खर्च उठाकर ग्रामीणों को निशुल्क आवासीय भूखंडों का मालिकाना हक दे रही है। प्रदेश में अब तक 22 लाख 61 हजार से अधिक स्वामित्व रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं। इससे ग्रामीणों को बैंक ऋण लेने और पशुपालन सहित अन्य व्यवसाय शुरू करने में मदद मिल रही है।



राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में हो निराकरण

मंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग में पारदर्शिता लाना सरकार की प्राथमिकता है। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार और नक्शा दुरुस्तीकरण के प्रकरणों का निर्धारित समय में निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से किसानों तथा आम नागरिकों के साथ विनम्र व्यवहार करने की अपील की।

उत्कृष्ट कर्मचारियों को किया सम्मानित

कार्यशाला में स्वामित्व योजना और राजस्व कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तहसीलदारों और पटवारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। तकनीकी सत्रों में नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार और स्वामित्व पंजीयन की प्रक्रिया पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव राजस्व डॉ. ई. रमेश कुमार, महानिरीक्षक पंजीयन आलोक कुमार सिंह, प्रमुख राजस्व आयुक्त एवं आयुक्त भू-अभिलेख निधि निवेदिता उपस्थित रहे।

कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास आज आएंगे भोपाल

नप्र, भोपाल : अभा कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास 17 नवंबर को भोपाल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे भोपाल संभाग के अंतर्गत बेरसिया में आयोजित संभागीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। श्रीनिवास प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र में सहभागिता करेंगे और कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाना है। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं में अनुशासन, संगठन की विचारधारा और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com